हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, मंगलवार, 2 जनवरी 2024

तापमान

अधिकतम 13 .5 डिग्री
न्यूनतम 7 .5 डिग्री

11 विकसित भारत की नींव मजबूत कर रही सरकारः लक्ष्मण



12 हिट एंड रन पर नए कानून का राजस्थान में विरोध ...



## खबर संक्षेप

### अवैध वसूली करने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने अवैध वसूली और मारपीट के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत वर्ष 30 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के बाद कुतुबपुर निवासी रोहित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### दहेज उत्पीड़न के आरोप में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को दर्ज शिकायत ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए परेशान करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा नहीं होने पर गत वर्ष 28 जुलाई को केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने गुरूग्राम के शेरपुर निवासी मनप्रीत को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया।

### बाइक चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने बाइक चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में करीब 2 साल पहले भूरथल ठेठर निवासी आशीष की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज किया था। उसकी बाइक एक निजी अस्पताल के सामने से चोरी हो गई थी। पुलिस ने राजस्थान के हुसैनपुर निवासी अशफाक उर्फ नैना को गिरफ्तार किया है। उससे 15 सौ रुपये बरामद किए गए हैं।

### कोर्ट के आदेश पर रेप का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल पुलिस ने कोर्ट की ओर से जारी किए गए वारंट के आधार पर दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने पीड़िता की ओर से दायर केस की सुनवाई करते हुए क्षेत्र के एक गांव निवासी मुकेश के गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। मॉडल टाउन पुलिस ने वारंट की तामील करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### रिमांड पर लिए आरोपी से नकदी बरामद

**रेवाड़ी।** सीआईए धारूहेड़ा की गिरफ्त में आए एक लाख रुपये के इनामी बदमाश से पूछताछ के दौरान 28 हजार रुपये नकदी बरामद की है। मोबाइल फोन से भरा कंटेनर लूटने के मामले में पुलिस ने एमपी के धतुरिया निवासी महेश गोदेन को भोंडसी जेल में अपने परिचित से मिलने के लिए आते समय गिरफ्तार किया था। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया था।

### मारपीट करने व धमकी देने का केस दर्ज

**नाहड़।** घड़ी गांव में प्लॉट की ओर खेत का पानी करने का विरोध जताने पर एक व्यक्ति को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस बयान में रमेश चंद्र ने आरोप लगाया कि विजयपाल अपने खेत का पानी उसके प्लॉट की दीवार की ओर भेजता है, जिससे उसकी दीवार खराब हो गई है। मना करने पर उसने अपने बेटे अमरजीत के साथ मिलकर उसे जमकर पीटते हुए जान से मारन की धमकी दी। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### जुआ खेलने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने गुड़ियानी में ताश के रूप में जुआ खेलने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गांव के कपिल, ओमप्रकाश, भानसिंह और बसंत चबूतरे पर तीन पत्ती जुआ खेल रहे थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर चारों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से जुए की 3150 रुपये राशि व ताश की पत्तियां बरामद की गई हैं।

## रेवाड़ी डिपो में किलोमीटर स्कीम सहित 144 पर पहुंची बसों की संख्या

# रेवाड़ी डिपो को कैथल से मिली दस बसें लंबे रूटों पर सुगम होगा यात्रियों का सफर

- प्रतिवर्ष कंडम होकर घट रही बसों की संख्या, रोडवेज वर्कशॉप में जगह घेरे खड़ी करीब 67 कंडम बसें

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी







रेवाड़ी। वर्कशॉप में खड़ी कैथल से आई बस, वर्कशॉप के पीछे खड़ी कंडम बसें, वॉशिंग के लिए खड़ी कैथल से आई बसें। फोटो ःहरिभूमि

रोडवेज प्रबंधन जहां यात्रियों की सुविधा के लिए जरूरी प्रयास कर रहा है। वहीं डिपो में अपना दस साल का सफर पूरा करने के बाद प्रति वर्ष बसें कंडम होकर खड़ी हो जाती है। रेवाड़ी डिपो में लंबे समय से बसों की कमी चल रही है, लेकिन डिपो को अब 10 बसें मिलने से काफी समस्या दूर हो गई है। अब डिपो में किलोमीटर स्कीम सहित बसों की संख्या 144 हो गई है। बसों की कमी के कारण रेवाड़ी डिपो से चंडीगढ़, दिल्ली व जयपुर के लंबे रूट सहित कई छोटे रूट भी प्रभावित हो रहे थे। रोडवेज निदेशालय की ओर से रेवाड़ी में कैथल डिपो से 10 बसें भेजी गई है। हालांकि इन बसों को नई नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि यह बसें कैथल डिपो में चलाई जा चुकी है। यह बसें 24 हजार किलोमीटर से एक लाख किलोमीटर चल चुकी है।

### कई रूटों पर नहीं हो रहा था संचालन

डिपो में बसों की कमी के कारण करीब तीन चार से भिवानी, चरखी दादरी, हिसार व बैजनाथ सहित कई रूटों पर बसों का संचालन नहीं हो पा रहा है, लेकिन अब 10 बसें मिलने से कई रूटों की कमी दूर हो गई है। रेवाड़ी से चंडीगढ़ के लिए सुबह जाने वाली बस सेवा को भी बहाल किया जाएगा। डिपो के लिए 177 बसों की स्वीकृति है। अभी डिपो को 33 बसों की और जरूरत है। डिपो मे अब 111 रोडवेज व 35 किलोमीटर स्कीम की बसें हो गई है। डिपो में 40 बसें बीएस-6, 35 बसें बीएस-4 तथा बाकी बीएस-3 बसें है, जिनमें से 19 मिनी बसें है।

### चालक व यात्रियों के लिए सुविधा

कैथल से आई 10 बसों में चालक व यात्रियों के लिए कुछ सुविधाएं भी दी गई है। चालक सीट के पास माइक की सुविधा है, जिससे वह यात्रियों को स्टोपेज आने पर आनाउंस भी कर सकता है, क्योंकि बस में स्पीकर माइक से कनेक्ट किए गए है। इसके अलावा प्रत्येक सीट पर स्विच है, जिसको दबाकर यात्री अपने स्टोपेज आने की सूचना दे सकता है। बस के गेट पर भी स्विच लगा है, जिसको दबाकर परिचालक बस रूकवा सकता है।

### डिपो से प्रतिदिन 43 हजार किलोमीटर का सफर

राजस्व के मामले में रेवाड़ी डिपो काफी उपलब्धि हासिल कर रहा है। डिपो के पास अभी 111 हरियाणा रोडवेज व 35 किलोमीटर स्कीम की बसें है। यह बसें रोजाना विभिन्न रूटों पर करीब 43 हजार किलोमीटर का सफर तय करती है। किलोमीटर स्कीम के तहत चलने वाली बसें सिर्फ लंबे रूट के लिए संचालित हो रही है।

### प्रति वर्ष कंडम हो जाती बसें

रोडवेज डिपो में प्रति वर्ष अपने 10 साल पूरे करने पर बसें कंडम हो जाती है। 2023 में डिपो से 27 के करीब बसें कंडम होकर वर्कशॉप में खड़ी हो गई है। रोडवेज वर्कशॉप में पिछले वर्षो की मिलाकर 67 के करीब बसें कंडम होकर खड़ी है। इन बसों की ऑक्शन की जाती है, लेकिन कई सालों से बोली नहीं लगाए जाने पर कंडम बसें वर्कशॉप में जगह घेरे हुए है। वर्कशॉप में वर्ष 2010 में कंडम हुईर् बसें भी खड़ी हुई है। इसके अलावा 2011, 2012, 2016 व 2021 सहित अब 2023 की कंडम बसें भी खड़ी है। यहां तक की वर्कशॉप में क्रेन भी कंडम होकर खड़ी हुई है।

### अलग काम संभाल रहे परिचालक

रोडवेज डिपो की ओर से अब 144 बसों का संचालन किया जाएगा। डिपो में 189 चालक व 179 परिचालक कार्यरत है। इनमें से कई चालक आरटीए सहित अन्य विभागों को भी दिए हुए है तथा स्टाफ की कमी के कारण कई परिचालक कार्यालयों में काम संभाल रहे है, लेकिन अब बसों की संख्या बढ़ने से चालक व परिचालकों की भी जरूरत पड़ने वाली है।

### लंबे रूटों पर चलाई जाएगी बसें



*रोडवेज डिपो में 10 बसें आने से काफी हद तक परेशानी दूर हो गई है। इन बसों को दिल्ली व चंडीगढ़ जैसे लंबे रूटों पर चलाया जाएगा, ताकि यात्रियों को उचित सुविधा मिल सके। बसों की संख्या बढ़ाने के लिए निदेशालय से और मांग की जाएगी।*

*-देवदत्त, जीएम रोडवेज डिपो रेवाड़ी।*

### लंबे रूटों पर चलाई जाएगी बसें

कैथल डिपो से आई बसों को अभी लोकल रूटों पर ही चलाया गया है। इन बसों के ऊपर कैथल डिपो के टैग लगे हुए हैं। रोडवेज वर्कशॉप में बसों के कैथल के टैग हटाकर रेवाड़ी के टैग लगाए जा रहे है, जिनका कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। इसके साथ ही बसों का फास्टैग भी रेवाड़ी डिपो से किया जा रहा है। बसों की आरसी भी रेवाड़ी डिपो में कन्वर्ट की जा रही है। यह सभी कार्य पूरे होने पर इन बसों को लंबे रूटों पर चलाया जाएगा।

# रिटायर्ड रेल कर्मचारियों ने मनाया पेंशन-डे व वार्षिक समारोह

**रेवाड़ी।** नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मैन की सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी एसोसिएशन की ओर से श्री राम मंदिर ड्रामेटिक क्लब परिसर में पेंशन-डे एवं वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मख्यातिथि अनुज भार्गव सेवानिवृत्त मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक, डा. केशव गुप्ता रेलवे मंडल चिकित्सक, डा. डी. द्रिवेदी डायरेक्टर एवं कपिल बाली मैनेजर मार्स अस्पताल, मदन लाल सेवानिवत्त मंडल परिचालन प्रबन्धक एवं पी के जोशी, सेवानिवृत्त सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी थे। शाखा चेयरमैन टीपी शर्मा ने अतिथियों का स्वगत किया। केके सक्सेना जोनल कार्यकारी अध्यक्ष एवं शाखा सचिव ने मंच संचालन करते हुए वार्षिक रिपोर्ट पेश की। मुख्यातिथि ने 75 वर्ष व उससे अधिक आयु के सभी पेंशनर्स को सम्मानित किय। बीएस खेरा, सावित्री, होशियार सिंह, बीजी गुप्ता, प्रेम देवी, उग्रसेन, जगदीश प्रसाद, लता शर्मा, राम चन्द्र, सुधा शर्मा, बदलूराम, रामजीलाल यादव, मोतीलाल, दयाराम यादव, सन्तोष भुटानी, मदनलाल तथा सुभाष चन्द्र को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डा. चन्द्र प्रकाश कौशिक, डा. सत्य प्रकाश कौशिक, आरपी यादव, राम जीवन, विष्णु भगवान शर्मा, प्रेम नेगी, सुआ प्रकाश, हरि किशन, उमेश शर्मा, मुकेश भारद्वाज, सुरेश कुमार, मुलायम सिंह, ब्रिजेश शर्मा, महेश कौशिक, बदलू राम, हजारी लाल, रामचन्द्र, नीलम, हरिसिंह व सुरेश कुमार उपस्थित थे।



रेवाड़ी। रिटायर्ड कर्मचारी को सम्मानित करते अतिथि।

# पिकअप की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

टांकड़ी-मोहनपुर रोड पर तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आकर एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। राजस्थान के सिरयानी निवासी रमाकांत शर्मा अपने चचेरे भाई मोहित को बाइक पर साथ लेकर अपने गांव जा रहा था। मोहनपुर रोड पर एक पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों बाइक से गिर गए। पिकअप चालक हादसे के बाद फरार हो गया। आसपास के लोगों ने दोनों को एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान मोहित ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद पिकअप चालक की तलाश शुरू कर दी।

### तेल डिपो पर टैंकर चालक के साथ मारपीट, सात के खिलाफ केस दर्ज

**रेवाड़ी।** करनावास ऑयल डिपो पर पेट्रोल पंप के टैंकर में तेल डलवाने आए एक चालक के साथ सात लोगों ने मारपीट करते हुए टैंकर के शीशे तोड़ दिए। इन लोगों ने उसे दूसरी जगह से तेल लेने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस को दर्ज शिकायत में पलवल के धामाका निवासी चरणसिंह ने बताया कि वह पलवल में प्रवीण के पेट्रोल पंप का टैंकर चलाता है। वह पेट्रोल पंप के लिए तेल लेने करनावास डिपो आया था। तेल लेने के बाद जब वह वापस जाने लगा तो डिपो से निकलते हुए सात-आठ लोगों ने उसकी गाड़ी रुकवाली। इन लोगों ने उसे गाड़ी से उतारकर पीटना शुरू दिया। गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। इन लोगों ने उसे धमकी दी कि आगे से इस बूथ से तेल लिया, तो उसे जान से मार दिया जाएगा। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### हाईटेंशन लाइन के करंट से चरवाहे की मौत

**बावल।** पातुहेड़ा में सोमवार को हाईटेंशन लाइन के करंट से एक चरवाहे की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। करीब 35 वर्षी कमल बकरियां पालने का कार्य करता था। वह सुबह के समय खेतों में बकरियां चराने के लिए ले गया था। वहां वह पेड़ की टहनियां काटकर बकरियों के सामने डाल रहा था। पेड़ गीला होने के कारण हाईटेंशन लाइन से उसमें करंट प्रवाहित हो गया। कमल की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। परिजन उसे अस्पताल भी ले गए, परंतु वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया।

## बाड़मेर-दिल्ली व बाड़मेर-मथुरा ट्रेन होगी एलएचबी रैक से संचालित

- गाड़ी संख्या 20487/20488 बाड़मेर-दिल्ली-बाड़मेर एक्सप्रेस ट्रेन बाड़मेर से 8 जनवरी से एवं दिल्ली से 9 जनवरी एलएचबी रैक से संचालित होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेलवे प्रशासन की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए बाड़मेर-दिल्ली-बाड़मेर एवं बाड़मेर-मथुरा-बाड़मेर रेलसेवाओं को एलएचबी रैक से संचालित किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 20487/20488 बाड़मेर-दिल्ली-बाड़मेर एक्सप्रेस ट्रेन बाड़मेर से 8 जनवरी से एवं दिल्ली से 9 जनवरी एलएचबी रैक से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 20489/20490 बाड़मेर-मथुरा-बाड़मेर एक्सप्रेस रेलसेवा बाड़मेर से 9 जनवरी से एवं मथुरा से 10 जनवरी से एलएचबी रैक से संचालित होगी। परिवर्तन के पश्चात इन रेलसेवाओं में एलएचबी रैक के 1 फर्स्ट एसी, 1 सैकेंड एसी, 4 थर्ड एसी, 5 द्वितीय शयनयान, 3 साधारण श्रेणी, 1 पॉवरकार श्रेणी व 1 गार्ड डिब्बा कुल 16 डिब्बें होंगे।

# एलएचएस बॉक्स डालने के कार्य से रेल यातायात रहेगा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेलवे की ओर से जयपुर मंडल के रेवाड़ी-रीगस-फुलेरा रेलखंडों के मध्य अटेली यार्ड में 4 जनवरी को समपार फाटक संख्या 30 पर एलएचएस बॉक्स डालने के लिए ट्रैफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि इस कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे की रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी। गाड़ी संख्या 19619 फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा 4 जनवरी को रद रहेगी। गाड़ी संख्या 19621 फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा 4 जनवरी को फुलेरा से प्रस्थान करके नारनौल तक संचालित होगी। यह रेलसेवा नारनौल-रेवाड़ी स्टेशनों के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 19618 रेवाड़ी-मदार रेलसेवा 4 जनवरी को रेवाड़ी के स्थान पर नारनौल स्टेशन से संचालित होगी। यह रेलसेवा रेवाड़ी-नारनौल स्टेशनों के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 14087 दिल्ली-जैसलमेर रेलसेवा 4. जनवरी को दिल्ली से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-बांदीकुई-जयपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 22950 दिल्ली सराय-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा 4 जनवरी को दिल्ली सराय से प्रस्थान करके खाटूवास स्टेशन पर 1 घंटे 5 मिनट रेगुलेट रहेगी। गाड़ी संख्या 14706 ढेहर का बालाजी-भिवानी रेलसेवा 4 जनवरी को ढेहर का बालाजी से प्रस्थान करके निजामपुर स्टशन पर 45 मिनट रेगुलेट रहेगी।

### मुझे मेरे पति के प्रकोप से बचाओ महिला ने दर्ज करवाया केस

**रेवाड़ी।** मांढैला कलां की एक महिला ने अपने पति पर शराब के नशे में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देते हुए पुलिस से पति के सितम से बचाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस को दिए बयान में रेशमी देवी ने बताया कि वह और उसका बेटा घर पर मौजूद थे। इसी दौरान किसी घरेलू बात को लेकर उसका पति के साथ विवाद हो गया। इसके बाद उसके पति ने उसे लात-घूसों से पीटना शुरू कर दिया। उसके 15 साल के बेटे ने उसका बचाव किया। बाद में वह उपचार के लिए अस्पताल पहुंची। महिला ने आरोप लगाया कि उसका पति शराब का आदि है, जो नशे में उसके साथ मारपीट करता है। उसे अपने पति से जान का खतरा है। पुलिस ने उसके बयान पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया।

## दिन भर नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन, कंपकंपी छुड़ाती रही ठंड, कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया

# नए साल के पहले दिन कड़ाके की ठंड, तीन डिग्री तक गिरा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साल के पहले ही दिन तापमान में आई तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट ने दिन भर लोगों की कंपकंपी छुड़ाए रखी। ठंड का प्रकोप बढ़ने से जनजीवन पर असर पड़ने लगा है। हलका कोहरा छाया रहा, लेकिन दिन भर सूरज के दर्शन नहीं हुए। मौसम विभाग के अनुसार अभी दो-तीन दिन में ठंड का प्रकोप और बढ़ सकता है। कोहरे का भी येलो अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार को साल के पहले दिन अधिकतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस गिरकर 13.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। साल के अंतिम तापमान में वृद्धि होने से लोगों को ठंड से कुछ हद तक राहत मिली थी। अगले ही दिन ठंड ने एक बार फिर से तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए। गत वर्ष पहली जनवरी को अधिकतम तापमान 21 और न्यूनतम 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। सुबह से ही सूरज के दर्शन नहीं होने के कारण दिन भर शीतलहर का प्रकोप जारी रहा। इससे जनजीवन प्रभावित होने लगा है। आवश्यक कार्य के बिना लोग घरों में ही रहने लगे हैं। दुकानदार अलाव और हीटर चलाकर उसके सहारे ग्राहकों का इंतजार करते नजर आते हैं। बाजार में ग्राहकों की संख्या कम होने लगी है। जनवरी के पहले सप्ताह में ठंड और बढ़ने के आसार हैं। इससे सामान्य जनजीवन पर काफी असर पड़ेगा। मौसम विभाग की ओर से तीन दिन तक कोहरा गहराने का अलर्ट जारी किया गया है। अगर तापमान में और गिरावट आती है, तो इससे पाला जमना शुरू हो जाएगा।



रेवाड़ी। ठंड में अलाव तापते हुए लोग। फोटो ःहरिभूमि

### बिजली की मांग में होने लगी वृद्धि

सर्दी बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग में वृद्धि होने लगी है। गत सप्ताह के मुकाबले बिजली की मांग 10 लाख यूनिट तक बढ़ी है। घरेलू और कृषि क्षेत्र में बिजली की खपत बढ़ने लगी है। ठंड का प्रकोप बढ़ने पर बिजली की मांग 130 लाख यूनिट तक पहुंच सकती है। सर्दी बढ़ने के बाद बिजली की खपत बढ़ने से पावर कटों की शुरूआत भी हो चुकी है। अभी रात के समय पीक अवर्स में कट लगाए जा रहे हैं।

### फसलों को अभी कोई नुकसान नहीं

अभी तक सरसों और गेहूं की फसल काफी अच्छी है। मौसम दोनों फसलों के अनुकूल है। ठंड बढ़ने के बाद पाला जमता है, तो वह सरसों की अगेती फसल को नुकसान पहुंचा सकता है। कृषि अधिकारी डा. दीपक यादव का कहना है कि किसानों को अपने खेत के चारों ओर शाम के समय धुआं करना चाहिए। इससे फसलों पर पाला नहीं जम पाएगा। फसलों की नियमित रूप से हल्की सिंचाई भी करनी चाहिए।

रोहतक, मंगलवार
2 जनवरी 2024
हरिभूमि
# सहेली
नूतन वर्ष 2024





हम नववर्ष 2024 में नई उम्मीदों के साथ प्रवेश कर चुके हैं। सभी की यही कामना है, नया वर्ष नई कामयाबियां और ढेर सारी खुशियां दे। अगर आप वाकई इस वर्ष को सार्थक, सफल और खुशहाल बनाना चाहती हैं, तो इसके लिए आपको शुरुआत से ही कुछ बातों का ध्यान रखकर, इन्हें अमल में लाने के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा।

## नूतन वर्ष: नई उम्मीदें.. नए संकल्प

आवरण कथा / विनीता

नए साल का आगमन सभी को बहुत उत्साहित करता है। नई उम्मीदों से भरता है। अपने बेहतर भविष्य के लिए लोग मन ही मन नई योजनाएं बनाते हैं, कुछ नए संकल्प भी लेते हैं, लेकिन कुछ समय बीतने के बाद धीरे-धीरे लोगों का उत्साह ठंडा होने लगता है, वे अपने उन संकल्पों के प्रति लापरवाह हो जाते हैं, जो साल के पहले दिन लिए गए थे। फिर सब कुछ पहले की तरह मंद गति से चलने लगता है। लेकिन आप अगर नए साल के हर दिन को अपने लिए उपयोगी और बेहतर बनाना चाहती हैं, तो इन बातों का विशेष ध्यान रखना होगा-

### मन से बनें मजबूत

नया साल आपके लिए बेहतर रहे, स्वस्थ रखे, कामयाबी और खुशहाली दे, इसके लिए सबसे पहले आपके मन में दृढ़ इच्छाशक्ति होनी चाहिए। अर्थात साल की शुरुआत में आप जो भी संकल्प लें, उस पर कायम रहें। भले ही आपका संकल्प बहुत बड़ा ना हो, लेकिन आप खुद से जो भी वादा करती हैं, उसे हर हाल में पूरा करने की कोशिश करें। मसलन, अगर आपने रोजाना सुबह जल्दी उठकर मॉर्निंग वॉक पर जाने का संकल्प लिया है, तो हो सकता है कि कुछ दिनों के बाद आपको सही समय पर जागने में आलस महसूस हो, फिर भी हिम्मत जुटाकर उठने की कोशिश करें। इस तरह धीरे-धीरे अभ्यास के साथ आपकी सुबह उठने की आदत हो जाएगी।

### हर हाल में रहें खुश

सभी के जीवन में उतार-चढ़ाव आते ही हैं, यह जीवनचक्र है। इस नए साल के 365 दिन आपके लिए हमेशा एक समान होंगे, ऐसा संभव नहीं है। हो सकता है भविष्य में आपके सामने कुछ ऐसी चुनौतियां या समस्याएं आएं, जिनकी वजह से कभी आपका मन चिंतित या उदास रहे। अगर आप पहले से ही इन बाधाओं का सामना करने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहेंगी तो आप प्रतिकूल परिस्थितियों में भी उदास-निराश नहीं होंगी। बड़े धैर्य के साथ हर मुश्किल का सामना करने में सक्षम रहेंगी। इसलिए साल की शुरुआत में खुद से यह वादा करें, 'चाहे कुछ भी हो जाए, मुझे हर हाल में खुश रहना ही है।' जब भी मन तनावग्रस्त हो, तो अपने इस संकल्प को याद करें, तो इससे आपको अपनी उदासी दूर करने में मदद मिलेगी।





### सेहत का रखें ध्यान

अगर आप जीवन में सफलता अर्जित करना चाहती हैं, तो इसके लिए सबसे पहले सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। जब शरीर स्वस्थ रहेगा तभी आप अपने लक्ष्य तक पहुंचने की दिशा में परिश्रम कर पाएंगी। इसके लिए संतुलित और पौष्टिक खान-पान अपनाएं, नियमित रूप से एक्सरसाइज और वॉक के लिए समय निकालें।

### बनें वक्त के पाबंद

जो लोग समय की कीमत पहचानते हुए इसका सदुपयोग करते हैं, वही जीवन में आगे बढ़ते हैं। इसलिए इस वर्ष की शुरुआत से ही ठान लें कि आप अपनी दिनचर्या को इस ढंग से सुव्यवस्थित करेंगी कि आपके कीमती वक्त का एक भी पल बर्बाद ना हो। रात को सही समय पर सोने और सुबह जल्दी उठने की आदत डालें। आज के कार्य को कल पर टालने की आदत से बचें। जहां तक संभव हो मोबाइल या गैजेट्स का सीमित इस्तेमाल करें, ताकि आप अपने कीमती वक्त का सही इस्तेमाल कर सकें।

### अपनी प्राथमिकताएं पहचानें

अपने कार्यों की प्राथमिकता को पहचानते हुए उन्हें उसी के अनुसार पूरा करने की कोशिश करें। जो कार्य आपके लिए ज्यादा जरूरी हों, उसे सबसे पहले पूरा करें। उसके बाद ही अन्य कार्यों पर ध्यान दें। अगर आपने इस साल के लिए कोई विशेष लक्ष्य निर्धारित किया है, तो उस पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए पूरी एकाग्रता से उस लक्ष्य को प्राप्त करने की कोशिश करें, तभी सफलता मिलेगी।

### अपना भी रखें खयाल

अंत में सबसे जरूरी बात यह है कि जीवन की तमाम जिम्मेदारियों के बीच आप स्वयं को ना भूल जाएं। अगर आप दूसरों के बीच प्यार और खुशियां बांटना चाहती हैं, तो पहले खुद से भी प्यार करना सीखें, क्योंकि जब आप स्वस्थ-प्रसन्न रहेंगी, तभी अपने करीबी लोगों का भी खयाल रख पाएंगी। अपने आराम के लिए भी थोड़ा समय निकालें और खुद के लिए भी जीना सीखें। अपनी रुचि से जुड़े उन रचनात्मक कार्यों के लिए समय जरूर निकालें, जिनसे आपको सच्ची खुशी मिलती है।

अगर आप मजबूत इरादे के साथ इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखेंगी, तो यह नया वर्ष निश्चित रूप से आपके लिए ढेर सारी खुशियां लेकर आएगा।

## नन्हे-मुन्नों के लिए नए रूल्स



नया साल दस्तक दे चुका है। हर एज ग्रुप के लोग कुछ खास करने की प्लानिंग कर रहे हैं। ऐसे में घर के बड़े नए साल में बेहतरी की ओर बढ़ने के रेजॉल्यूशन बनाते हुए बच्चों को भी ना भूलें। कई छोटी-छोटी बातें नए साल में नियम बनकर बालमन को भी दिशा दे सकती हैं। बच्चों को सधी हुई जीवनशैली से जोड़ सकती हैं। खान-पान से लेकर फिजिकल एक्टिविटी और अच्छे बिहेवियर तक। बच्चों के लिए भी पैरेंट्स न्यू ईयर रेजॉल्यूशन जरूर बनाएं। यकीन मानिए, बच्चे भी इससे खुश होंगे।

**खूब बातें करेंगे:** नए साल में बच्चों से खूब बातें करने का नियम बनाएं। आजकल बच्चे भी गुमसुम रहने लगे हैं। ऐसे में बच्चों से स्कूल, पार्क, दोस्तों, सोसायटी और परिवार के लोगों से बातें करने का रेजॉल्यूशन बनाएं। घर के छोटे सदस्यों से कहें कि वे बड़ों के साथ अधिक से अधिक बातें साझा करने के रूल को फॉलो करें। इससे ना केवल आपसी संवाद बेहतर होगा बल्कि बच्चों के मन की उथल-पुथल भी सामने आएगी। भावनाओं और विचारों के बारे में खुलकर बतियाना कभी बड़ों को समय रहते चेता देगा तो कभी उनकी मनःस्थिति को समझाने वाला साबित होगा।



**स्क्रीन फ्री टाइम बिताएंगे :** इस एक संकल्प के बिना दूसरी एक्टिविटीज को पूरा करना मुश्किल है। बच्चों की हेल्थ को नुकसान पहुंचाने से लेकर सुरक्षा तक खतरा बनी, वर्चुअल दुनिया को दिए जा रहे समय की कटौती जरूरी है। गैजेट्स से पूरी तरह दूर नहीं हुआ जा सकता पर टाइम कम देने का रेजॉल्यूशन बनाकर हर चीज के लिए समय निकाला जा सकता है। अपनी पसंद के अनुसार कुछ नया सीखने या स्पोर्ट्स खेलने की बात हो या समय से सोने-जागने और पढ़ाई-लिखाई का नियम हो, स्मार्ट गैजेट्स की व्यस्तता बच्चों को कुछ भी समय पर नहीं करने देती।

**वीकली शेड्यूल बनाएंगे:** बच्चों के लिए हर दिन का शेड्यूल बनाना जरा मुश्किल हो सकता है। वीकली अपने रुटीन के अनुसार एक्टिविटीज करने के लिए कुछ नियम बनाए जाएं तो बहुत कुछ किया जा सकता है। पढ़ने-खेलने या मन का कुछ करने का समय मिल सकता है। वे अपनों के साथ वक्त बिता पाते हैं। यह साथ और संवाद बालमन के व्यवहार और सोच को भी दिशा देता है। अपनी पसंद की फिल्म देखने या पार्क में खेलने का वक्त निकालना भी आसान हो जाता है। हर समय उलझे रहने के बजाय हर काम का समय बंट जाने से बहुत सी गतिविधियां करने का समय निकल आता है।

**कॉमन रूल्स :** बच्चों को हंसी-खुशी जिंदगी को साधने-समझने की सीख देने वाले ऐसे रूल्स का पालन घर के बड़ों को भी करना होगा। कॉमन रूल्स की इस फेहरिस्त में साथ खाना खाने, विनम्र व्यवहार करने, एक-दूसरे का सहयोग करने, किताबें पढ़ने, आउटडोर गेम्स खेलने, सोशलाइज करने और वर्चुअल दुनिया के बजाय अपनों के साथ समय बिताने जैसे संकल्प भी जोड़े जा सकते हैं। अकसर बच्चों से पहले बड़े इन साझा संकल्पों से दूरी बना लेते हैं। नई पीढ़ी को सिखाने के लिए आपका भी उस राह पर चलना जरूरी है।

-डॉ. मोनिका शर्मा

## अपने रिश्तों को सहेजें

सलाह / सरस्वती रमेश

आज हर कोई अपनी जिंदगी में व्यस्त है। कुछ तो इतना ज्यादा व्यस्त हैं कि इनके पास अपने रिश्तेदारों क्या, परिवार के लिए भी समय नहीं है। ऐसे लोग अपनों से दूर होते जाते हैं, अकेले हो जाते हैं। यह सही नहीं है। तो क्यों ना नए साल में हमारा एक रेजॉल्यूशन यह भी हो कि इस साल अपने रिश्तों को सहेजेंगे, परिवार, रिश्तेदारों और मित्रों के बीच जाकर प्यार-मिठास घोलेंगे। हम यह जरूर समझें कि हमारे जीवन में रिश्ते क्यों अहम हैं।

**रिश्तों से आसान हो जाता है जीवन:** सबसे पहले हम यह जानें कि घर-परिवार एक ऐसी जगह है, जो हमें हमारी सभी कमियों के साथ पूरी तरह स्वीकार करता है। हमारे सुख-दुख में साथ खड़ा होकर हमारा हौसला बढ़ाता है, हमें हिम्मत देता है। परिवार और रिश्तेदारों से मिलने वाला सहयोग बेशर्त होता है और हमसे भी बदले में बेशर्त समर्पण और लगाव की कामना करता है। अगर अपने साथ हों तो सुख दोगुना हो जाता है, दुख आधा होकर मिट जाता है। जिस तरह किसी के साथ होने से सफर आसान लगता है, उसी तरह रिश्तों के साथ से जीवन आसान लगता है। किसी संकट या उलझन में फंसने से हम बच जाते हैं। तो इस नए साल में अपने रिश्तों में नई ऊष्मा भर अपनी खुशियों को दोगुना कर सकते हैं।



**रिश्ते हमें बिखरने नहीं देते :** जीवन में कई बार ऐसा कुछ घट जाता है, जब हम टूट जाते हैं, बिखर जाते हैं। हताशा-निराशा से घिरकर अपने आपको बहुत अकेला और बहुत कमजोर समझते हैं। हमें अपना भविष्य अंधकारमय लगता है। ऐसे में आर्थिक मदद से ज्यादा हमें भावनात्मक संबल की जरूरत होती है। किसी के साथ और उसके भावनात्मक सहारे के बल पर हमें घोर निराशा की स्थिति में एक आशा दिखने लगती है। उसकी संबल भरी बातों के सहारे हम कठिन से कठिन परिस्थितियों से निकल कर खड़े होने की हिम्मत जुटा पाते हैं। इसलिए अपने रिश्तों को सहेजना, उन्हें समय-समय पर प्रेम-स्नेह और लगाव के जल से सींचते हुए हरा-भरा रखना जरूरी है। ये रिश्ते ही होते हैं, जो जीवन में छायी तपती धूप में हमें अपनी शीतल छांव देकर राहत देते हैं। वास्तव में रिश्ते में हर स्थिति में संबल देते हैं। इसलिए नए साल के संकल्पों में एक संकल्प अपने रिश्ते निभाने और उन्हें गहराने का भी जरूर लें।

## तब आप रहेंगी पूरे साल हेल्दी

हेल्थ एडवाइस/ डॉ. रिचा दीवान
सीनियर फिजिशियन, सर गंगाराम अस्पताल, दिल्ली

कल से शुरू हुए नए साल के लिए आपने कई गोल्स डिसाइड किए होंगे। इन्हें अचीव करने के लिए आपको हेल्दी-फिट रहना जरूरी है। हेल्दी-फिट आप तभी रहेंगी, जब कुछ हेल्थ रेजॉल्यूशंस को फॉलो करेंगी।

आप जरूर चाहेंगी कि शुरू हुए नए साल में आप हेल्दी रहें ताकि पूरी एनर्जी के साथ अपने टार्गेट्स को पाने का प्रयास कर सकें। इसके लिए आपको अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में कुछ रूल्स को फॉलो करना होगा।

**फ्रेश-हेल्दी डाइट :** हेल्दी रहने के लिए आप घर का बना खाना ही खाएं, क्योंकि घर में बनाए खाने में अधिक न्यूट्रिएंट्स होते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि आपकी डाइट में सभी जरूरी न्यूट्रिएंट्स जैसे प्रोटीन, कार्ब्स, विटामिंस और मिनरल्स उपस्थित हों। बहुत ज्यादा फैटी, स्पाइसी और ऑयली फूड्स खाने से बचें। आप अगर फिगर-कॉन्शस हैं तो भी स्लिम दिखने के लिए कीटो डाइट, लो कार्बोहाइड्रेट डाइट या मेडिटेरेनियन जैसी डाइट को बिना किसी एक्सपर्ट एडवाइस के फॉलो ना करें। इसके बजाय न्यूट्रिशस और बैलेंस्ड डाइट लेना फायदेमंद होगा। हेल्दी रहने के लिए खाने की प्लेट को ज्यादा से ज्यादा कलरफुल बनाएं यानी उसमें कई रंगों की सब्जियां शामिल करें। डेली सीजनल और फ्रेश फ्रूट्स खाने की हैबिट भी बहुत यूजफुल है। इसके अलावा जंक फूड, स्ट्रीट फूड, पैक्ड फूड और हर तरह के फास्ट फूड्स अवॉयड करें। ऑन द स्पॉट कुकिंग के नाम पर मिलने वाले ज्यादातर स्ट्रीट फूड बासी होते हैं, जिन्हें गर्म करके सर्व करने पर उनकी पौष्टिकता कम हो जाती है। चारकोल पर बने ग्रिल्ड फूड खाने में भले ही अच्छे लगें, कार्बनयुक्त धुएं की वजह से ये हेल्थ के लिए नुकसानदायक होते हैं। प्रीजर्वेटिव युक्त इंस्टेंट फूड्स से परहेज करना भी जरूरी है।



**डिटॉक्सीनेशन:** रोजाना कम से कम 2 से 3 लीटर पानी जरूर पीएं। दिन में एकाध बार एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर ग्रीन टी, हर्बल टी या सुबह खाली पेट डिटॉक्स वॉटर भी ले सकती हैं। ये ना केवल आपके शरीर से फ्री रेडिकल्स यानी टॉक्सिक मैटर को बाहर निकाल कर आपको स्वस्थ रखने में मदद करता है, बल्कि शरीर के विभिन्न अंगों को सुचारु रूप से चलाने में मदद भी करता है। पानी की कमी या डिहाइड्रेशन होने पर चिड़चिड़ापन, कंसंट्रेशन में कमी आती है और तनाव भी बढ़ता है। लेकिन लिक्विड के तौर पर सॉफ्ट ड्रिंक्स, डाइट ड्रिंक्स या एनर्जी ड्रिंक्स को अवॉयड करें। इनमें मौजूद प्रीजर्वेटिव और एसिडिक तत्व डाइजेस्टिव सिस्टम को नुकसान पहुंचाते हैं। इनके बजाय नीबू पानी, नारियल पानी या बिना चीनी के फ्रूट जूस पीना बेहतर है।

**फिजिकल एक्टिविटी :** अधिकतर वर्किंग और घरेलू महिलाएं बिजी रहने की वजह से अपनी फिटनेस को इग्नोर करती हैं। लंबे समय तक फिट और एक्टिव बने रहने के लिए कितनी भी बिजी रहें एक्सरसाइज के लिए कुछ टाइम जरूर निकालें। कुछ हेल्थ एक्सपर्ट्स मानते हैं कि लंबे समय तक बैठे रहना, सिगरेट पीने जितना खतरनाक होता है। इसलिए जरूरी है कि लंबे समय तक एक ही जगह बैठ कर काम ना करें, ब्रेक लेती रहें। स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज या कमरे में वॉक तो कर ही सकती हैं। सुबह या शाम वॉकिंग और एक्सरसाइज जरूर करें।

**रेग्युलर मेडिटेशन:** रोज सुबह कम से कम 10 मिनट मेडिटेशन जरूर करें। इससे आप स्ट्रेस से दूर रहेंगी। आपकी याददाश्त तेज होगी और आप दिन भर के लिए पॉजिटिव सोच से भर जाएंगी। मेडिटेशन करने से ब्रेन पॉजिटिव हार्मोंस रिलीज करता है, जो शरीर में एंटी एजिंग और एंटी डिजीज वाइब्स का संचार करता है। यह मेंटल हेल्थ को इंप्रूव कर ब्रेन पॉवर और मेमोरी को भी बूस्ट करता है। इम्यून सिस्टम को सुचारु रूप से चलाने में मदद करता है और कई मानसिक समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।

**फिक्स स्लीप टाइम:** इस साल हेल्दी रहने के लिए देर रात तक जागने के बजाय जल्दी सोने का खुद से प्रॉमिस करें। अच्छी हेल्थ के लिए रात में फिक्स टाइम पर सोना और जल्दी उठना बहुत कारगर है।

इस तरह यहां दिए गए एडवाइसेस को फॉलो करने से ना केवल इस पूरे साल बल्कि आने वाले कई साल तक आप हेल्दी-फिट रहेंगी।

प्रस्तुति : रजनी अरोड़ा

## इस साल क्या होंगे मेकअप-ब्यूटी ट्रेंड्स

मेकओवर-2024
पूजा गोयल, ब्यूटी एक्सपर्ट

नया साल शुरू होते ही यंग वूमेन और कॉलेज गोइंग गर्ल्स में खासतौर पर इस बात को जानने को लेकर काफी क्रेज रहता है कि मेकअप और ब्यूटी में क्या कुछ ट्रेंड करेगा? इसीलिए हम यहां बता रहे हैं इस साल ट्रेंड में रहने वाले ब्यूटी-मेकअप ट्रेंड के बारे में।

साल 2024 शुरू हो चुका है। जिस तरह साल बदलते ही हमारी लाइफ में काफी कुछ बदल जाता है, उसी तरह मेकअप और ब्यूटी ट्रेंड में भी बहुत कुछ चेंज देखने को मिलता है। अगर आप भी अपने लुक को लेकर कॉन्शस रहती हैं तो इस साल के ब्यूटी इंडस्ट्री के ट्रेंड्स के बारे में जरूर जानना चाहेंगी। आइए जानते हैं इस साल के ब्यूटी इंडस्ट्री में मेकअप, स्किन केयर और हेयर स्टाइल में आने वाले अपकमिंग ट्रेंड्स के बारे में।

### स्किन केयर


इस साल स्किन केयर के लिए होम मेड प्रोडक्ट्स अधिक इस्तेमाल किए जाएंगे। स्किन की खूबसूरती बरकरार रखने के लिए केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स यूज करने के बजाय नेचुरल प्रोडक्ट्स से बनी हर्बल बेस्ड प्रोडक्ट का ट्रेंड रहेगा। स्किन को हाइड्रेट रखने के लिए सीरम का इस्तेमाल अधिक किया जाएगा।

### मेकअप ट्रेंड

अगर इस साल के मेकअप ट्रेंड की बात करें तो यह आपकी पसंद पर निर्भर करेगा। अगर आपको लाइट मेकअप करना पसंद है तो न्यूड मेकअप फॉलो कर सकती हैं, क्योंकि इस साल न्यूड मेकअप लुक ट्रेंड भी करेगा। इसके अलावा मेकअप ट्रेंड में ग्लॉसी मेकअप और स्मोकी आइज लुक को भी काफी पसंद किया जाएगा। इस साल कम प्रोडक्ट यूज करने वाले मेकअप जैसे चिक टिंट, लिपस्टिक और कलर आई पेंसिल का इस्तेमाल करके इजी मेकअप लुक ट्रेंड में होगा। इसे ऑफिस और डेली यूज में अप्लाई किया जा सकता है। वहीं टीनएज गर्ल्स की बात करें तो उनके लिए ग्राफिक आई मेकअप, फ्लोटिंग आई लाइनर और कलरफुल आई मेकअप का भी ट्रेंड रहेगा। इस तरह के मेकअप, पार्टी लुक के लिए परफेक्ट रहेंगे। इसके अलावा प्रेस नेल्स या स्टिक ऑन नेल्स का भी चलन होगा। आईब्रोज के लिए आईब्रो एक्सटेंशन को काफी पसंद किया जाएगा। साथ ही नेचुरल प्रोडक्ट्स बेस्ड मेकअप लुक ट्रेंड में बना रहेगा।







### हेयर स्टाइल ट्रेंड

इस साल हेयर स्टाइल में बन हेयर स्टाइल, ब्रेड चोटी हेयर स्टाइल का ट्रेंड काफी चलेगा। ये हेयर स्टाइल्स, वेस्टर्न और इंडियन दोनों तरह के ड्रेसअप लुक के साथ ट्राई किए जा सकते हैं। साथ ही ओपन स्लीक हेयर स्टाइल को भी काफी पसंद किया जाएगा। इन स्टाइल्स के साथ अलग-अलग तरह के हेयर एसेसरीज भी ट्रेंड करेंगे। इन्हें भी आप ट्राई कर सकती हैं। वहीं हेयर केयर में बालों की ग्रोथ के लिए एलोवेरा जैल, तुलसी और नारियल तेल जैसे घरेलू नुस्खे भी ट्रेंड करेंगे।

प्रस्तुति : ललिता गोयल

## खबर संक्षेप



### नियति पाठशाला में बच्चों को स्वेटर वितरित किए

**रेवाड़ी।** नियति पाठशाला सामाजिक संस्था में सोमवार को हर्षोल्लास के साथ नव वर्ष सेलिब्रेशन किया गया। बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। पाठशाला के संस्थापक सुरेंद्र सिंह व संरक्षक ओम प्रकाश ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई एवं राष्ट्रहित में कार्य करने की शपथ दिलाई। गारमेंट्स संचालक सतीश अग्रवाल की ओर से ठंड के मौसम में बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। इस मौके पर निपुण गर्ग, बब्ली चौहान व सुमित्रा उपस्थित थे।

### सुंदरकांड पाठ आज

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात को रेवाड़ी रोड मोड़ावाला मंदिर के पीछे टावर के सामने रतनकुमार डालडा के निवास स्थान पर सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंडल के सदस्य राकेश गुप्ता ने बताया कि सुंदरकांड पाठ की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल करेंगे। सुंदरकांड पाठ के बाद भजनों का दौर शुरू होगा।

### राम मंदिर को लेकर विहिप ने दिया निमंत्रण

**कनीना।** श्रीराम मंदिर उद्घाटन समारोह को जोर-शोर से मनाए जाने को लेकर विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों नें वार्ड नंबर चार में निमंत्रण दिया। श्यामसुंदर ने बताया कि यह कार्य समूचे कनीना में 15 जनवरी तक पूरा किया जाएगा। कनीना उपमंडल के तहत आने वाले प्रत्येक गांव में भी पीले चावल वितरण करने का कार्य शुरू किया गया है। पांच सदस्य टीम में महाश्य श्यामसुंदर, अमित सिंघल, चंन्द्रकांत, धनुष, राकेश सिंघल शामिल हैं।

### धनौंदा बस स्टैंड से इंवर्टर-बैटरी चोरी

**कनीना।** धनौंदा बस स्टैंड स्थित एक फर्नीचर की दुकान का ताला तोड़कर चोर उसमें रखे इंवर्टर व बैटरी सहित नकदी चोरी कर ले गए। दुकान संचालक राजेश कुमार धनौंदा ने पुलिस को बताया कि दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर छह बैटरी, दो इंवर्टर तथा 18 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। थाना पुलिस व सीआईए टीम ने मौका निरीक्षण किया।

## कोसली विधायक ने कार्यक्रम में लोगों की सुनीं समस्याएं

# अंतिम व्यक्ति को लाभ देकर विकसित भारत की नींव मजबूत कर रही सरकार

विधायक कोसली लक्ष्मण सिंह यादव ने विकसित भारत-जनसंवाद-संकल्प यात्रा का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

विधायक कोसली लक्ष्मण सिंह यादव ने सोमवार को विकसित भारत-जनसंवाद-संकल्प यात्रा का कोसली विधानसभा के गांव लुखी, परखोत्तमपुर व खुशपुरा में पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गांरटी में दम है, जिसके परिणाम स्वरूप प्रतिदिन बड़ी संख्या में लाभार्थी संकल्प यात्रा से जुड़ रहे हैं। सरकार की ओर से समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाकर आत्मनिर्भर व विकसित भारत की नींव को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने में संकल्प यात्रा वरदान साबित हो रही है।



रेवाड़ी। लोगों की समस्या सुनते लक्ष्मण सिंह। फोटो : हरिभूमि

### लोगों को हो रहा संकल्प यात्रा पर

कार्यक्रम के दौरान कोसली के विधायक ने ग्रामीणों से जनसंवाद करते हुए उनकी परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य शिकायतें व समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को मौके पर समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आमजन की शिकायतें, मांगें व सुझाव लेने के लिए सीधे लोगों के बीच जाने की पहल शुरू की गई है। सरकार की ओर से जनसंवाद कार्यक्रम धरातल पर सरकारी की योजनाओं के क्रियान्वयन और लोगों से सीधे फीडबैक लेने के लिए शुरू किया गया है, जिसके सराहनीय परिणाम आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को विश्वास हो रहा है कि उनकी अर्जी सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंचेगी और मुख्यमंत्री उनकी अर्जी पर तुरंत संज्ञान लेंगे।

### वंचितों को वरीयता सरकार का मूल मंत्र

विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और देश भी उसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही संकल्प यात्रा 140 करोड़ देशवासियों को विकसित करने की यात्रा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व भर में भारत की छवि एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरी है। सरकार विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम गांव व अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। अंतिम व वंचितों को वरीयता केंद्र व राज्य सरकार का मूल मंत्र है।



रेवाड़ी। बच्चों को पुरस्कृत करते कोसली के विधायक व अन्य।

### प्रदर्शनी का किया अवलोकन

विधायक लक्ष्मण सिंह ने कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन हुए नागरिकों से सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करकेलाभ उठाने का आह्वान किया। इस दौरान नागरिकों को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर आधारित ब्रॉशर, कलेंडर सहित अन्य प्रचार सामग्री का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी, एनीमिया की जांच, निरोगी हरियाणा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर, आयुष विभाग की ओर से आरोग्य शिविर, योगाभ्यास, क्रिड द्वारा परिवार पहचान पत्र से संबंधित सेवाओं के लिए हेल्प डेस्क, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा व किसानों के लिए कृषि और बागवानी विभागों की हेल्प डेस्क का जायजा लिया।

# सभी क्षेत्रों में समान विकास करा रही भाजपा



रेवाड़ी। कार्यों का उद्घाटन करते लक्ष्मण सिंह। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहरलाल के कुशल नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार आमजन की समस्याओं का निदान कर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को कृतसंकल्प है। परिस्थितियां चाहे कोई भी हो भाजपा सरकार पूरी ईमानदारी व निष्पक्षता के साथ सभी क्षेत्रों में समान विकास करा रही है। कोसली विधायक ने सोमवार को गांव परखोतमपुर में 19.90 लाख की लागत से यशपाल के मकान से श्रीराम बोहरा की ढाणी तक के रास्ते का शिलान्यास तथा 19 लाख की लागत से माधों की ढाणी के रास्ते व हरियाणा ग्रामीण विकास योजना के तहत गांव खुशपुरा से मोतला कलां तक के रास्ते का उद्‌घाटन कर ग्रामीणों को नववर्ष का तोहफा दिया।

इस मौके पर कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि वर्ष 2024 पूरे देश के लिए ऐतिहासिक बनने जा रहा है। अयोध्या में श्रीराम लला विराजमान हो रहे हैं तथा देश का वर्षों पुराना सपना पूरा हो रहा है। इस अवसर को सभी देशवासियों को भव्य जश्न के साथ मनाना है। आने वाला समय देश के लिए स्वर्णिम काल होने वाला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में सरकार प्रत्येक जरुरतमंद को उसके हक दिलाने में जुटी हुई है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सभी ग्रामीणों को उनके घर-द्वार पर ही सभी सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। सभी वर्गों में सरकार का लगातार विश्वास बढ़ता जा रहा है। इस मौके पर काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

# केसीसी योजना के तहत तीन लाख तक ऋण का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसानों को गाय, भैंस, भेड़, बकरी, सूकर, मुर्गी के रखरखाव के लिए तीन लाख रुपए तक का ऋण देने का प्रावधान है ताकि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। छोटे किसानों को पशुपालन व अन्य स्त्रोतों से होने वाली आय को बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना क्रियान्वित की जा रही हैं। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसान अपने पशुओं की देखभाल के लिए होने वाले खर्च के लिए पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण प्राप्त कर सकता है। कोई भी पशुपालक एक लाख 60 हजार रुपए तक की राशि की लिमिट तक का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बिना कोई जमीन गिरवी रखे व बिना किसी गारंटी के कोलैटरल सुरक्षा बनवा सकता है।




यदि कोई पशुपालक इस राशि से अधिक लिमिट का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बनवाना चाहता है तो उसे अपनी जमीन या कोई जमानत देना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि यदि कार्डधारक अपने ऋण का समय पर भुगतान करता है तो उसे केंद्र सरकार की तरफ से तीन प्रतिशत ब्याज दर का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सात प्रतिशत ब्याज दर के हिसाब से अधिकतम तीन लाख रुपये तक की ऋण राशि पर केंद्र सरकार की ओर से तीन प्रतिशत ब्याज दर का अनुदान दिया जाएगा।

# दृढ़तापूर्वक किया गया कार्य सफल होता है : कुलपति

- इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में नव वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में नव वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलगीत से किया गया। कुलसचिव प्रो. प्रमोद कुमार एवं अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रो. मंजू परूथी ने कुलपति प्रो. जेपी यादव का स्वागत किया। कुलपति प्रो. यादव ने सभी शिक्षकों व गैर शिक्षक कर्मचारियों को अपने कार्य को कर्तव्य समझकर करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को दृढ़ता एवं निष्ठा पूर्वक से किया जाए तो वह कार्य निश्चय ही सफल होता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अपनाने एवं विभिन्न विकासशील कार्यों के द्वारा प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है एवं नैक की ग्रेड मिलने की तैयारी में लगा हुआ है।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

कुलसचिव प्रो. प्रमोद कुमार ने गत वर्ष की उपलब्धियों व विकास कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि विवि विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं कर्मचारियों के हित में कार्य करने के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। उन्होंने कहा कि अपने कार्यस्थल को अपने जीवन का आधारभूत हिस्सा मानते हुए अपनी मेहनत को निरंतर करते रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि आईजीयू 13 जनवरी को विश्वविद्यालय स्तर पर अपना प्रथम पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित करने जा रहा है। अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रो. परूथी ने अकादमिक गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर प्रो. निखिलेश यादव, प्रो. सुभाष चंद्र शर्मा व प्रो. रोमिका बत्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सभी शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारियों सहित सभी शोधार्थी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्राथमिक वर्ग शुरू



रेवाड़ी। स्कूल में स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण देते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुंड

विवेकानन्द स्कूल कुंड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सोमवार से प्राथमिक वर्ग शुरू हुआ। यह वर्ग एक सप्ताह चलेगा। इसमें स्वयंसेवको का शारीरिक, बौद्धिक और दृष्टीगत विकास किया जाएगा। शिविर में योगासन, साहसी खेल, और बोहक कार्यक्रमों में देशभक्ति गीत लिखने के प्रति जागरूक किया जाएगा। शिविर में ग्रुप डिस्कशन की भी जानकारी दी जाएगी। जिले के प्रचार प्रमुख योगेश व गजेंद्र थे।

## पिता की शिकायत पर बेटे के खिलाफ केस

**कनीना।** उपमंडल के गांव स्याणा में घरेलू सामान तोड़ने व मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में सुरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पुत्र कुलदीप सिंह बीएसएफ से पेंशन आया हुआ है, जो परिजनों से मारपीट करता है। 31 दिसंबर को उसने अपने बच्चों, पत्नी व मां के साथ मारपीट करते हुए घर में लगी एलईडी सहित रसोई व घरेलू सामान को कुल्हाड़ी से तोड़ दिया। सुरक्षा को लेकर उन्होंने 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सुरेंद्र कुमार की शिकायत पर कुलदीप सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## ठंड के चलते पाला पड़ने से पशुओं के बीमार होने व निमोनिया होने का खतरा:डॉ जसबीर



डॉ जसबीर।

**नाहड़।** प्रदेश में ठंड के तेवर चरम पर है। दिन भर शीत लहर के चलते सुबह तथा शाम के समय धुंध के छाने से जनजीवन के साथ-साथ पशुओं की सेहत पर भी गहरा असर पड़ रहा है। ऐसे में पशुओं का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। कड़कती ठंड के चलते पाला पड़ने से पशुओं के बीमार होने तथा निमोनिया होने का भी खतरा बना रहता है। इस रोग में वायु नलिकाओं तथा फेफड़ों में सूजन आ जाती है, जिसके कारण पशु को सांस लेने में कठिनाई होती है। राजकीय पशु चिकित्सालय झोलरी तथा नाहड़ का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे वेटरनरी सर्जन डॉ जसवीर ने कहा कि पशुपालक घबराने की बजाएं कुछ सावधानियां बरतकर इसका समाधान कर सकते है। ज्यादा सर्दी के चलते पशुओं की तबीयत खराब होने पर उन्हें अस्पताल लाकर दवाई दिलाएं। इस बारे किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। पशु एक बार बीमार होने पर कई दिनों तक ठीक नहीं हो पाता है। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि रात्रि में पशुओं को बाहर खुले में न बांधे। पशु को मोटा कपड़ा, कंबल या बोरा ओढ़ाएं। बहुत अधिक सर्दी होने पर आग जलाकर पशु को गर्मी दें, लेकिन कमरे का धुआं बाहर निकलने का प्रबंध रखें। पशु को ताजा और स्वच्छ जल पिलाएं हो सके तो गुनगुना जल पिलाएं। पशुओं को गुड़ खिलाते रहना चाहिए। ओस में बाहर पड़ा हुआ हरा चारा न खिलाएं। ज्यादा सर्दी होने पर उसे रोजाना न नहलाएं। पशु को पक्के फर्श पर न बांधे। पशु को दिन के समय खुली धूप में बांधे तथा ठंडी हवाओं से बचाएं। पशुओं के सींग पर भी कपड़ा बांधे। बछड़े व बछियां को उचित मात्रा में दूध पिलाएं। समय पर कृमि नाशक औषधि पिलाएं। शीत लहर के चलते पशुओं का विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

# मोबाइल टावर हटवाने व पेयजल सप्लाई का समय बढ़ाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

बावल रोड स्थित सरस्वती विहार कॉलोनीवासियों ने सोमवार को कॉलोनी की समस्याओ व मांगों को लेकर लघु सचिवालय पहुंचकर डीआरओ राकेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सरस्वती विहार की गली नंबर-1 में मकान पर लगे मोबाइल टावर को हटवाने व टावर के लिए बिजली कनेक्शन न देने की मांग की। कॉलोनी निवासी प्रवीण कुमार ने कहा कि मोबाइल टावर के चालू होने से बच्चों व बुजुर्गों सहित सभी कॉलोनीवासियों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। टावर की ऊंचाई अधिक होने से आंधी-तूफान में गिरने का भी खतरा है। सरस्वती विहार में एक दिन छोड़कर दूसरे दिन पानी की सप्लाई सुबह के समय ही आती है, लेकिन पानी सप्लाई का समय सिर्फ 10 से 15 मिनट का ही होता है, जिससे पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। मौके पर विशला, मुनेश, किरण, मुकेश, रेणु, सुनीता, कमलेश, शकुंतला, भरपाई, संतोष, वीना देवी, राशी, मीनू, फतेहसिंह व लालसिंह यादव आदि मौजूद थे।



रेवाड़ी। डीआरओ को ज्ञापन देते कॉलोनीवासी।

## किंग मेकर की भूमिका में रहते हुए खुद हासिल नहीं कर पाए बड़ा मुकाम

# युवराज के सहारे रामपुरा का दरबार गुलजार करने चले अजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

'रामपुरा हाउस' राजनीति के मैदान में अहीरवाल में पहचान का मोहताज नहीं है। किसी समय इस हाउस में लिए गए निर्णय दिल्ली की सियासत पर असर डालते थे। पूर्व सीएम राव बिरेंद्र सिंह का रामपुरा हाउस में ही दरबार लगता था। उनके निधन के बाद कुछ समय तक उनके बड़े बेटे राव इंद्रजीत सिंह ने रामपुरा हाउस से अपनी राजनीति को मजबूत करने का काम किया। पारिवारिक मतभेदों के बाद वह रामपुरा हाउस से अलग हो गए। इसके बाद पुराने रामपुरा हाउस पर इनेलो के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और राव इंद्रजीत सिंह के मंझले भाई राव अजीत सिंह काबिज हो गए। रामपुरा हाउस के पुराने मुकाम को हासिल करने के लिए राव अजीत सिंह बडे.बेटे अर्जुन सिंह के निधन के बाद छोटे बेटे अभिजीत को राजनति के मैदान में एक्टिव करने की मुहिम में जुट गए हैं।




राव बिरेन्द्र सिंह।



अजीत सिंह।



अर्जुन सिंह।



अभिजीत सिंह।

पूर्व सीएम राव बिरेंद्र सिंह के राजनीति में सक्रिय रहते हुए भी राव अजीतसिंह की राजनीति अलग पटरी पर चलती रही। उनके निधन के बाद भी वह बड़े भाई राव इंद्रजीत सिंह के साथ मिलकर राजनीति में आगे बढ़ने की बजाय अलग रास्ते पर चलते रहे। राव बिरेंद्र सिंह के निधन के बाद पुराने रामपुरा हाउस के समर्थक भी तीन भाइयों के बीच विभाजित हो गए, लेकिन अधिकांश समर्थकों ने तीनों से समान संबंध बनाए रखे। राव अजीत सिंह की बावल और अटेली में रामपुरा हाउस के पुराने समर्थकों पर अच्छी पकड़ रही है। राव अजीत सिंह राजनीति में सक्रिय रहने के बावजूद एक बार भी विधायक बनने में कामयाब नहीं हो सके। उनके जनाधार को देखते हुए पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला ने उन्हें इनेलो के प्रदेश उपाध्यक्ष का जिम्मा सौंपा था।

इनेलो में रहते हुए वह वर्ष 2009 के विधानसभा चुनाव में रामेश्वर दयाल को बावल हलके से कांग्रेस की हवा में भी विधायक बनवाने में कामयाब रहे थे। वर्ष 2005 के विधानसभा चुनावों में वह राव इंद्रजीत सिंह समर्थित भरत सिंह को हराने के लिए शकुंतला भगवाड़िया के साथ खड़े हो गए थे।

### विदेश में हुआ अर्जुन का निधन

अजीत सिंह के बड़े बेटे अर्जुन सिंह ने पिता की राजनीतिक विरासत को संभालते ताऊ राव इंद्रजीत सिंह से अलग राजनीति का रास्ता चुना था। अर्जुन कांग्रेसी नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला के करीबी रहे थे। रणदीप की बदौलत वह गत विधानसभा चुनावों में अटेली हलके से अनीता यादव की टिकट कटाकर कांग्रेस की टिकट हासिल करने में कामयाब हुए थे। यह बात और है कि अटेली की जनता ने अर्जुन को इन चुनावों में गले नहीं लगाया था। कुछ समय पूर्व अर्जुन सिंह का विदेश में निधन हो गया था।

### छोटे बेटे से बड़ी उम्मीद

रामपुरा हाउस का पुराने वजूद वापस लाने के लिए राव अजीत सिंह को अपने छोटे बेटे राव अभिजीत से उम्मीदें हैं। अर्जुन की तुलना में अभिजीत का स्वभाव विनम्र है। राव अजीत सिंह उन्हें राजनीति के मैदान में उतारने की घोषणा करने के साथ-साथ यह संकेत भी दे चुके हैं कि अहीरवाल के कद्दावर नेताओं को एक बार फिर से पुराने रामपुरा हाउस के साथ जोड़ने की दिशा में काम किया जाएगा। न्होंने कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाकर उनके सामने आगामी रणनीति भी रख दी। देखना होगा कि अभिजीत पिता के सपने को किस हद तक साकार कर पाते हैं।

**बेदखली सूचना**

मैं, अमर सिंह पुत्र श्री एस.ओ. महाराजदीन निवासी मकान नंबर 95, चैमलपुर सिकंदरा, जिला प्रयागराज (इलाहाबाद) उत्तर प्रदेश व हाल आबाद मकान नंबर 71, कृष्ण कुंज महेश्वरी, तहसील व जिला रेवाड़ी (हरियाणा) सूचित करता हूं कि मेरी पुत्री रूपल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। उसके व्यवहार व मनमानी आदि से परेशान होकर मैंने उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उससे व्यवहार व लेन-देन रखने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा उससे कोई वास्ता व ताल्लुक नहीं है।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मुसेपुर में दिनांक 05 जनवरी 2024 को प्रातः 11:00 बजे ग्राम सचिवालय में BPL वाला जोहड़ व काकर वाला जोहड़ की मत्स्य पालन के लिए खुली बोली आयोजित की जाएगी। इस बोली में कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है। नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।
Mob. No. 9467838899

निवेदक
सरपंच ग्राम पंचायत
मुसेपुर खण्ड-जाटूसाना।

## खबर संक्षेप

### हांसाका गांव से दो बिजली ट्रांसफार्मर चोरी

**रेवाड़ी।** हांसाका गांव से चोर दो बिजली ट्रांसफार्मर जमीन पर गिराकर उनकी क्वाइलें व रॉड चोरी कर ले गए। निगम के एसडीओ ने थाना सदर पुलिस को प्रेषित पत्र में बताया कि गांव के सरपंच अशोक कुमार ने सूचना दी थी कि ट्रांसफार्मर जमीन पर गिरे हुए हैं। जेई पोप सिंह ने मौके पर जाकर देखा तो ट्रांसफार्मरों की क्वाइलें व रॉड गायब थीं। इससे निगम को करीब 1 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### बाइक की चपेट में आकर महिला घायल

**धारूहेड़ा।** मालपुरा में बाइक की चपेट में आकर एक महिला घायल हो गई। कैलाश देवी एनएच-48 पर अपने बेटे हरजीत की दुकान पर दूध लेने के लिए आई थी। सड़क किनारे उसे एक बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मां घायल हो गई। बाइक चालक एक बार गिरने के बाद उठकर वहां से फरार हो गया। उसने अपनी मां को भिवाड़ी के एक अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी।

### ब्राह्मण सभा प्रधान को मातृशोक

**रेवाड़ी।** जिला ब्राह्मण सभा के प्रधान चंद्रशेखर गौतम की माता लक्ष्मी देवी का शनिवार देर रात निधन हो गया। 79 वर्षीय लक्ष्मी देवी पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। उनका अंतिम संस्कार दिल्ली रोड़ स्थित स्वर्ग आश्रम में किया गया। ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियो, समाज के लोगों व संगठनों ने लक्ष्मी देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### किराए पर दिए कमरे पर कब्जा करने का केस दर्ज

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने किराए पर दिए कमरे पर कब्जा करने व सामान चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस शिकायत में माजरा निवासी दिपेश ने बताया कि लालडोरा की जमीन में पुराने में मकान में उसके हिस्से में एक कमरा आता है। कमरा प्रदीप को किराए पर दिया हुआ था। उसने आरोप लगाया कि प्रदीप ने कमरे पर कब्जा करते हुए सामान खुर्द-बुर्द कर दिया। कमरे में मनमाने तरीके से गेट बदल दिया।

### कार छोड़कर भागे शराब तस्कर, शराब बरामद

**धारूहेड़ा।** बस स्टैंड के सामने फ्लाईओवर के नीचे पुलिस ने शराब से भरी एक स्विफ्ट कार बरामद की है। कार से भारी मात्रा में शराब बरामद हुई है। चालक सहित दो लोग कार छोड़कर फरार हो गए, जिनकी तलाश शुरू कर दी गई है। रविवार की रात पुलिस को सूचना मिली थी कि एक स्विफ्ट कार में अवैध रूप से शराब ले जाई जा रही है। जयपुर-दिल्ली हाइवे के सर्विस रोड से जा रही एक स्विफ्ट कार का पुलिस ने पीछा करना शुरू कर दिया।

### युवती का अश्लील फोटो बनाकर परिजनों को भेजा

**कोसली।** क्षेत्र के एक गांव में अपने ननिहाल में रह रही युवती का अश्लील फोटो बनाकर परिवार के दूसरे सदस्य के मोबाइल फोन पर भेज दिया। उसके नाना की शिकायत पर पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज करने के बाद आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू दिए। पुलिस को दर्ज शिकायत में युवती के नाना ने उसकी नातिन का हैकर ने सोशल मीडिया से फोटो उठाकर उसे एडिट करते हुए अश्लील फोटो बना दिया। यह फोटो उसके घर के दूसरे मोबाइल नंबर पर भेज दिया।

### पवन बंसल गोकल बाजार सेंट्रल एसो. के प्रधान बने

**रेवाड़ी।** नए वर्ष के अवसर पर सोमवार को सरकुलर रोड स्थित निजी होटल में गोकल बाजार सेंट्रल एसो. की मीटिंग हुई, सर्वसम्मति से पवन बंसल को प्रधान नियुक्त किया गया। सभी ने नवनियुक्त प्रधान का फूलमालाओं से स्वागत किया। प्रधान आगामी दिनों में अपनी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों की नियुक्ति करेंगे।

## जयपुर की ओर जाने वाले यात्रियों को हुई परेशानी

# हिट एंड रन पर नए कानून का राजस्थान में विरोध, एनएच जाम होने से रोकी बसें





रेवाड़ी। लघु सचिवालय में डीसी को प्रदर्शन का सूचना पत्र देने पहुंचे टैक्सी चालक व करनावास में खड़े तेल के टैंकर।

### कानून के विरोध में बस स्टैंड पर हुई नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

हिट एंड रन पर नए कानून के विरोध का जिले में आंशिक असर रहा, लेकिन राजस्थान में विरोध स्वरूप दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर जाम लगाने से जयपुर जाने वाली बसों को बस स्टैंड से रवाना नहीं किया गया। इससे बस यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बस स्टैंड पर प्राइवेट बस चालकों ने कानून के विरोध में नारेबाजी की, वहीं टैक्सी चालकों ने विरोध में ज्ञापन भी दिया। राजस्थान के पावटा के समीप सोमवार सुबह ट्रक चालकों ने नेशनल हाइवे पर ट्रकों के पहिए थाम दिए, जिससे हाइवे पर जाम लग गया। सुबह जयपुर के लिए रवाना हुई बसें आधे रास्ते से ही लौट आईं। करीब 11 बजे डिपो से जयपुर जाने वाली बसों को रवाना नहीं किया गया। जींद, रोहतक और झज्जर से वाया रेवाड़ी निकलने वाली रोडवेज बसों को भी रोक दिया गया। रोहतक से वाया रेवाड़ी-जयपुर कोटा जाने वाली बस को बस स्टैंड पर आने के बाद रोक दिया गया, जिससे आगे जाने वाले यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। जयपुर की ओर जाने वाले यात्रियों को रेलवे स्टेशन की ओर रुख करना पड़ा। जो बसें जयपुर से रवाना हुई थीं, वह भी पावटा के पास जाम में फंसी रहीं। डिपो की जयपुर रूट पर चलने वाली बसों को दूसरे रूटों की ओर रवाना किया गया। जो बसें जाम की सूचना मिलने से पहले डिपो से जा चुकी थीं, उन बसों को भी बहरोड़ और नीमराना से वापस आना पड़ा। दोपहर बाद जाम खुलने के बाद भी हाइवे के हालात सामान्य होने में काफी समय लग गया।

#### टैंकर चालकों ने जताया विरोध

हिट एंड रन पर नए कानून के विरोध सोमवार को करनावास में टैंकर चालकों ने रोष प्रकट करते हुए धरना दिया। उन्होंने कहा कि यह कानून वाहन चालकों के लिए आर्थिक हानि पहुंचाने वाला है। केंद्र सरकार को इस पर पुनः विचार करना चाहिए। धरने के दौरान टैंकर चालकों ने तेल कंपनियों से तेल भी नहीं भरवाया और न ही पेट्रोल पंपों पर पहुंचाया।

#### टैक्सी चालकों ने ली प्रदर्शन की परमिशन

जिले के टैक्सी चालक भी लोस में पारित किए गए हिट एंड रन पर नए कानून के विरोध आ गए है, जिसके लिए टैक्सी चालक 3 जनवरी को शहर में विरोध जुलुस निकालकर अपना रोष प्रकट करेंगे तथा सरकार के नाम डीसी के माध्यम से ज्ञापन सौंपेगे। सोमवार को टैक्सी चालकों की ओर से डीसी के नाम प्रदर्शन की परमिशन का एक सूचना पत्र भी दिया गया। टैक्सी चालक यूनियन के प्रधान विनोद कुमार, रविन्द्र कुमार, महेन्द्र कुमार, महेश कुमार, दिनेश कुमार,अजय कुमार, प्रवीण, विरेन्द्र कुमार व रामेश्वर ने कहा कि यह कानून किसी भी गाड़ी चालक के हित में नहीं है, क्योंकि किसी भी एक्सीडेंट की घटना के समय लोग आक्रोशित हो जाते है, इसलिए ड्राईवर का वहां से भाग जाना ही सही है। कानून में घटना के बाद पुलिस को सूचना देने का नियम होना चाहिए। बुधवार को प्रदर्शन में जिले के करीब सौ से अधिक चालक शामिल होंगे।



रेवाड़ी। प्रदर्शन करते हुए मिड-डेमहल कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

# मिड-डेमील कार्यकर्ताओं ने किया जमकर प्रदर्शन

- डायरेक्टर पीएम पोषण मिशन मौलिक शिक्षा विभाग हरियाणा के नाम डीडीपीओ एचपी बंसल को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

मिड-डेमील कार्यकर्ता यूनियन की ओर से सोमवार को चिरायु योजना के लाभ के लिए मिड-डेमील कुक कम हेल्पर से प्रीमियम लेने के विरोध में डायरेक्टर पीएम पोषण मिशन मौलिक शिक्षा विभाग हरियाणा के नाम डीडीपीओ एचपी बंसल को ज्ञापन सौंपा गया। इससे पहले मिड-डेमील कार्यकर्ता सुभाष चन्द्र बोस पार्क में एकत्रित हुई और भाड़ावास सर्कल प्रधान व जिला कमेटी सदस्य मुनेश भाड़ावास के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंची। इस मौके पर एआईयूटीयूसी जिला कमेटी कोषाध्यक्ष संतोष ने कहा कि विभाग ने स्कूलों में कार्यरत मिड-डेमील कुक कम हेल्पर से चिरायु योजना के 1500 रुपये सालाना प्रीमियम लेकर 5 लाख रुपये तक का इलाज फ्री देने का सरकार की ओर से लिया गया निर्णय अनुचित है, जिसे तुरंत वापस लिया उन्होंने कहा कि मिड-डेमील कार्यकर्ता को साल में 10 माह का मानदेय मिलता है, जोकि साल के 70000 रुपये बनते है। सरकार की योजना के अंतर्गत चिरायु योजना का लाभ उनको फ्री मिलता है, जिनकी सालाना आय 1.80 लाख रुपये है। सरकार स्वयं अपनी ही योजना की अवेहलना कर रही है। मिड-डेमील बनाने में काफी संख्या में विधवा है, जो मामूली से मानदेय के बदले पूरा दिन स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रही है। मानदेय भी तीन से पांच महीने में एक बार दिया जाता है। अभी भी तीन महीने से मानदेय नहीं मिला है। मिड-डेमील कार्यकर्ताओं ने रुका हुआ मानदेय देने व 5 लाख तक के इलाज की फ्री सुविधा बिना 1500 रुपये का सालाना प्रीमियम लेने की मांग की। उन्होंने प्रीमियम की वसूली गई राशि लौटाने व महीने की 7 तारीख तक मानदेय देने, मानदेय साल में दस की बजाय पूरे 12 महीने का देने और न्यूनतम मासिक मानदेय 28000 करने की मांग भी की।

# जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

- ग्रामीणों ने बाबा के धाम पर हवन-यज्ञ करके आशीर्वाद लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭नाहड़



रेवाड़ी। जागरण में उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

आदर्श गांव नाहड़ में बाबा गंगापुरी धाम पर नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु रात भर बाबा के भजनों पर झूमते रहे। श्रद्धालुओं को बाबा का प्रसाद वितरित किया गया। बाबा गंगापुरी कमेटी के कोषाध्यक्ष हेड मास्टर सुरेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। रात्रि को अमन केसवानिया, बलराम, परमानंद तथा अन्य टीम सदस्यों ने जागरण में बाबा की महिमा का गुणगान किया। सुबह आरती कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर बाबा गंगापुरी कमेटी के मीडिया प्रभारी अमित भोला, पूर्व सरपंच प्रदीप शेखावत, पंच इंद्रजीत व प्रेम प्रकाश सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। नववर्ष के शुभावसर पर ग्रामीणों ने बाबा के धाम पर हवन-यज्ञ करके आशीर्वाद लिया। सुबह से ही बाबा के दर्शनों के लिए तांता लगा रहा। गांव की महिलाएं गीत गाती हुई बाबा की मंढी पर पहुंची। गांव में बाबा की अगाढ़ श्रद्धा है। ऐसा मानना है कि सच्चे मन से मांगी हर दुआ बाबा पूरी करते हैं।

### गांवों में लगेगें कानूनी जागरूकता शिविर

**रेवाड़ी।** सोमवार को उत्तम नगर जन शक्ति जागृति मंच ट्रस्ट की मीटिंग का आयोजन राष्ट्रीय संरक्षक मेनका सोनी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न गांवों से आए सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर मेनका ने कहा कि मंच का मुख्य उद्देश्य लोगों को सामाजिक कार्यो के लिए ट्रस्ट के माध्यम से जोड़ना है। संगठन की ओर से गांवों में कानूनी जागरूकता शिविर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे। इसके अलावा गांवों में आर्थिक पर परेशानी के कारण शिक्षा से वंचित रह गए बच्चों को आगे पढ़ाने में ट्रस्ट सहयोग करेगा। इस मौके पर अधिवक्ता सुमन शर्मा, कमलेश सोनी, अनिल खुटेला फरीदाबाद, राजबाला, स्वेता, नीतू शर्मा, रमन यादव आदि मौजूद रहे।

# नववर्ष की दीं शुभकामनाएं

- बालमुकुंद ने बीते वर्ष में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी



रेवाड़ी। पार्क में उपस्थित समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

नव वर्ष के आगमन सोमवार को रेजांगला शहीद पार्क शौर्य समिति की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कप्तान वीर सिंह एवं चौ. ईश्वर सिंह ने समिति के मुख्य संरक्षक बालमुकुंद यादव का गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया। बालमुकुंद ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए बीते वर्ष में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर नए वर्ष में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा भी तय की गई। कार्यक्रम में पार्क के मुख्य गेट पर डाले जा रहे कूड़े का निस्तारण करने, शौचालय की साफ-सफाई, पार्क के युद्ध स्मारक संग्रहालय को खुलवाने, पार्क में घूमने के लिए बने पथ की चौड़ा कराने तथा पार्क में क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल इत्यादि नहीं खेलने, धूम्रपान नहीं करने, पेड़-पौधों के सरंक्षण, पालतू डॉग को न घुमाने को लेकर साइन बोर्ड लगवाने की व्यवस्था कराने का लक्ष्य रखा गया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार यादव, राज सिंह, कप्तान वीर सिंह, अमर सिंह, सर्वसुख, जोहरी लाल, ब्रह्मानंद, चौ. ईश्वर सिंह, सरपंच रणवीर सिंह, ओम प्रकाश व पूर्ण सिंह उपस्थित थे।



# यूथ क्लब ने नव वर्ष पर जरूरतमंदों को कंबल बांटे

**बावल।** गांव धारण के बीएमडी यूथ क्लब ने नव वर्ष पर सामाजिक सरोकर के तहत कार्य किया। क्लब के सदस्यों ने सेवाभाव का संदेश देते हुए जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटकर नववर्ष का अभिनंदन किया। क्लब के संस्थापक युवा समाजसेवी अरुण तंवर ने कहा कि कोई भी पद व उपाधि आपको श्रेष्ठ नहीं बनाती, आपकी ओर से किए गए नेक कार्य और सेवा ही आपकी समाज में अलग पहचान बनाती है। उन्होंने क्लब को सहायता प्रदान करने के लिए बावल नगर पालिका पार्षद बीरेंद्र बिंदू का आभार प्रकट किया। इस मौके पर ग्राम सरपंच राजेश तंवर ने सभी युवाओं को क्लब से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस मौके पर क्लब के कैशियर नवीन गौड़ सहित सहयोगी मामराज भघोरिया, बिरेंद्र तंवर, कैप्टन सत्यनारायण्‌ र, जितेन्द्र तंवर, मोनू कुमार, जय भगवान फोगाट, अजयपाल प्रजापत, मोनपाल प्रजापत, जीतू बाबू, सौरभ डागर, बीरसिंह फलसवाल, मोहित नैचाना व भाजपा जिला सचिव कुलदीप चौहान उपस्थित थे।

# एनएसएस शिविर का शुभारंभ

- शिविर के आयोजन से विद्यार्थियों में राष्ट्र व समाज के प्रति सेवा का भाव जागृत होता है

हरिभूमि न्यूज ⏭कोसली



रेवाड़ी। एनएसएस शिविर के शुभारंभ पर उपस्थित स्वयंसेवक व स्टाफ सदस्य।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसली में सोमवार को हवन-यज्ञ करके एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य दयानंद शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के शिविर के आयोजन से विद्यार्थियों में राष्ट्र व समाज के प्रति सेवा का भाव जागृत होता है। एनएसएस अधिकारी सोनिया रानी व पूर्व अधिकारी जितेन्द्र यादव ने शिविर के दौरान होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर रामचन्द्र शास्त्री, आचार्य रामसिंह, सुनीता देवी, मोनिका यादव, लता भारती सिंह, अनिता देवी, बिजेन्द्र बाबू, चन्द्रप्रकाश, पंकज, जितेन्द्र व ओम प्रकाश सहित स्वयंसेवक से उपस्थित थे। कोसली के आरआरएन डीएवी पब्लिक स्कूल कोसली में नववर्ष का आगाज सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा एलकेजी व यूकेजी के विद्यार्थियों ने नववर्ष के समूह नृत्य से की। बच्चों ने समूह नृत्य, गायन, एक्शन सांग, हरियाणवी नृत्य व अलग-अलग राज्यों के क्षेत्रीय नृत्य प्रस्तुत किए। प्राचार्या अनिता मेहरा ने बच्चों, अभिभावक गण व अध्यापकों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

# साइबर ठगों ने दो को बनाया ठगी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

साइबर ठगी की घटनाओं पर रोक नहीं लग पा रही है। ठगों ने एक महिला सहित दो लोगों को साइबर ठगी का शिकार बना दिया। साउथ रेंज साइबर थाना पुलिस ने एमएचए पोर्टल पर आई शिकायतों के आधार पर केस दर्ज करने के बाद ठगी के दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी। पोर्टल पर दर्ज शिकायत में सनसिटी निवासी सुमन देवी ने बताया कि उसके पास अनजान नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने बताया कि उसके पति ने पैसे के लिए उसका नंबर दिया है। वह अपना खाता नंबर बताए। उसे 3500 रुपये भेजने है। उसने नंबर बताया तो फोन करने वाले ने उसके पास 35 हजार रुपये भेजने का सक्रिन शॉट भेजते हुए कहा कि उसने गलती से ज्यादा राशि डाल दी है।

#### खाते से उड़ाए तीस हजार

मुक्तिवाड़ा निवासी हरजीत ने पोर्टल पर दर्ज शिकायत में बताया कि उसने किसी के साथ ओटीपी या बैंक खाते से संबंधित कोई जानकारी शेयर नहीं की। इसके बावजूद उसके खाते 30 हजार रुपये गायब हो गए। उसके खाते में अब 28 हजार रुपये ही बचे हैं। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उस खाते का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिसमें यह राशि ट्रांसफर की गई है।

## मोदी और मनोहर लाल के प्रयासों से देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू हुआ

# आत्मनिर्भर और विकसित भारत का संकल्प दिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में शपथ लेते बच्चे व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के सपने को साकार करने के लक्ष्य के साथ विकसित भारत-जनसंवाद-संकल्प यात्रा नववर्ष के शुभारंभ अवसर पर सोमवार को गांव गिंदोखर, खडगवास, लुखी, परखोतमपुर, शाहपुर, धरचाना, कुंड, खोल, जीवड़ा, खुशपुरा, बोलनी व ढ़ाकिया में पहुंची। गांव जीवड़ा में सरोज यादव, गांव गिंदोखर व खडगवास में हरियाणा पर्यटन निगम के चेयरमैन डा. अरविंद यादव, ढ़ाकिया में बीजेपी नेता रामपाल यादव, गांव बोलनी में जिला महामंत्री ईश्वर चनेजा, शाहपुर में प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सिंह राम महलावत, धरचाना में कुलदीप चौहान, कुंड में जीवन लाल गर्ग व खोल में बीजेपी ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष जयवीर योगी ने बतौर मुख्य अतिथि संकल्प यात्रा का अभिनंदन किया। हरियाणा पर्यटन निगम के चेयरमैन डा. अरविंद यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है, जिसके परिणाम स्वरूप अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई पात्र व्यक्ति किसी वजह से सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए हैं तो वह अब इस यात्रा के दौरान अपने गांव में ही आवेदन कर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

#### सरकार ने समाज के हर वर्ग का रखा ख्याल

कार्यक्रम के दौरान सरोज यादव, बीजेपी नेता रामपाल यादव, जिला महामंत्री ईश्वर चनेजा, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सिंह राम महलावत, कुलदीप चौहान, जीवन लाल गर्ग ने भी लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हर वर्ग का ख्याल रखा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश भर में प्रवास कर रही है और हरियाणा प्रदेश में भी जागरूकता वाहनों के जरिए जगह-जगह, गांव-गांव, नगर-नगर जाकर मोदी सरकार द्वारा चलाई गई अंत्योदय व जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां देकर नागरिकों को लाभांवित किया जा रहा है।

#### विभागीय प्रदर्शनी का किया अवलोकन

संकल्प यात्रा के दौरान अतिथियों ने विभिन्न स्थानों पर लगाई गई विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर लोगों को आत्मनिर्भर और विकसित भारत का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम में जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रचार अमले के कलाकारों ने विकास गीतों के माध्यम से लोक गायन शैली में लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरूक किया।

### धूमधाम से किया नव वर्ष का स्वागत

**रेवाड़ी।** मोती चौक व्यापार संगठन की ओर से हर्षोल्लास के साथ नव वर्ष का स्वागत किया गया। संगठन के प्रधान पुरुषोत्तम दास कोसली वाले ने सभी व्यापारियों को नव वर्ष की बधाई दी। इस समय सभी देशवासी तेजी से विकसित भारत की कल्पना को साकार होता देख रहे हैं। सभी को एकजुट होकर पूरी मेहनत से अपना कार्य करते हुए जरूरतमंदों की सहायता करने का भी ध्यान रखना है। 22 जनवरी को राम मंदिर के स्थापना दिवस पर मोती चौक पर भी सुंदर उत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रैस सचिव दिनेश कपूर, उपप्रधान अनिल अरनेजा, विजय गुप्ता, प्रदीप अरोड़ा, हरीश सैनी, पंकज रुस्तगी, विपिन अग्रवाल, श्यामलाल दुआ, लोकेश आदि लोग मौजूद रहे।